**मेला** | बच्चे उत्साह से अपने अभिभावकों को हेलीकॉप्टर के पास ले जाते दिखाई दिए

# अमर शहीद मेले में शीश महल की भुलभुलैया बनी आकर्षण का केंद्र






**जबलपुर।** गोलबाजार स्थित अमर शहीद स्मृति मेले में इन दिनों नगरवासियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मेले में पहली बार बनाई गई शीश महल की भुलभुलैया लोगों के आकर्षण का सबसे बड़ा केंद्र बनी हुई है। जैसे ही दर्शक इस भव्य भुलभुलैया में प्रवेश करते हैं, चारों ओर दिखाई देने वाले अनगिनत प्रतिबिंब उन्हें रोमांचित कर देते हैं। कहीं ऐसा महसूस होता है मानो सामने रास्ता है, लेकिन कदम बढ़ाते ही शीशा सामने आ जाता है। कई लोग आगे बढ़ते हुए खुद को गिरने से बचाने की कोशिश करते नजर आए, जबकि वे अपनी जगह पर ही खड़े थे।

भुलभुलैया के भीतर रंग-बिरंगी रोशनी और शीशों की चमक ऐसा दृश्य प्रस्तुत कर रही थी मानो लोग किसी जादुई दुनिया में पहुंच गए हों। बच्चे जहां हंसते और चौंकते दिखाई दिए, वहीं युवा अपने मोबाइल कैमरों में हर दृश्य कैद करते नजर आए। मेले में मौजूद बुजुर्गों ने भी इस अनोखे अनुभव का आनंद लिया।

मेले का दूसरा बड़ा आकर्षण रहा ओरिजनल हेलीकॉप्टर। हेलीकॉप्टर को करीब से देखने और उसके साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। बच्चे उत्साह से अपने अभिभावकों को हेलीकॉप्टर के पास ले जाते दिखाई दिए। युवाओं में हेलीकॉप्टर के साथ फोटो और वीडियो बनाने की होड़ मची रही। कई लोगों ने कहा कि जबलपुर में पहली बार उन्हें इतने नजदीक से वास्तविक हेलीकॉप्टर देखने का अवसर मिला है।

पूरे मेले में उत्साह, रोमांच और मनोरंजन का माहौल दिखाई दिया। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मेले के इन अनोखे आकर्षणों का आनंद लें।

### इनका कहना है



मैंने पहली बार ऐसी शीशे की भुलभुलैया देखी है। अंदर जाकर ऐसा लग रहा था कि रास्ता बदल रहा है। बहुत रोमांचक अनुभव रहा।

**मंजू इंगले**



हेलीकॉप्टर के साथ सेल्फी लेना मेरे लिए सबसे खास पल रहा। ऐसा मौका जबलपुर में पहली बार मिला है।

**अलका वर्मा**



परिवार के साथ यहां आकर बहुत अच्छा लगा। शीश महल और रोशनी का नजारा बेहद सुंदर है। पूरा परिवार आनंद ले रहा है।

**प्रेम वर्मा**



आज के समय में मेले में इस तरह के नए आकर्षण लोगों को खूब पसंद आते हैं। आयोजन समिति ने बहुत अच्छा प्रयास किया है।

**एल एस चौहान**




# एनईएस विधि कॉलेज में स्टूडेंट टैलेंट शो 2026 का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** एन.ई.एस. विधि महाविद्यालय में 'स्टूडेंट टैलेंट शो' का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, भाषण, रैम्प वॉक एवं कार्ड प्ले अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मनीषा जायसवाल, एन.ई.एस. विधि महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में 'न्यू एजुकेशन सोसाइटी' के पदाधिकारीगण आर. एस. अग्रवाल अध्यक्ष, अतुल अग्रवाल उपाध्यक्ष, अजय अग्रवाल -सचिव,वीरेन्द्र साहू उप सचिव, अधिवक्ता राकेश पाण्डेय - कार्यकारी सदस्य, अभिषेक अग्रवाल कार्यकारी सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति रही । कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका तिवारी एवं सहायक प्राध्यापक श्वेता यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना, आत्मविश्वास बढ़ाना एवं कौशल विकास को प्रोत्साहित करना था । मुख्य अतिथियों एवं प्राचार्य महोदया ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मक सोच को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


# भानतलैया जोन के वार्डों की जनसमस्याओं को कांग्रेस ने उठाया

**नवभारत, जबलपुर।** भानतलैया जोन के अंतर्गत वार्डों में लंबे समय से व्याप्त बुनियादी समस्याओं और मूलभूत सुविधाओं को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने प्रदर्शन कर एक ज्ञापन सौंपा। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व क्षेत्र विधायक लखन घनघोरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कदीर सोनी, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा और पार्षद गुलाम हुसैन के नेतृत्व में किए गए इस आंदोलन में क्षेत्र की जनता की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया गया।

कांग्रेस पार्षद दल ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि भानतलैया जोन के अंतर्गत आने वाले ठक्कर ग्राम वार्ड, लालबहादुर शास्त्री वार्ड, अशफाक उल्ला खॉं वार्ड, मौलाना आजाद वार्ड, राधाकृष्णन वार्ड एवं संजय गांधी वार्ड की जनसमस्याओं का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया, तो पार्षद दल उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

### कुछ इस तरह शामिल रही मांगें

प्रदर्शनकारियों ने क्षेत्रीय विकास को गति देने, और बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए कुल 11 प्रमुख माँगे रखी हैं। इनमें मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान में निर्माणाधीन पानी की टंकी को शीघ्र पूर्ण कर, सम्पलाई पाईप लाईन बिछाने तथा टेढ़ी नीम क्षेत्र में अमृत जल योजना 2.0 के अंतर्गत स्वीकृत पानी की टंकी का कार्य तुरंत शुरू करने की माँग की गई है। इसके अलावा, ठक्कर ग्राम वार्ड अंतर्गत नूरानी गेट से दादा मियां 2 नंबर गेट तक 8 इंच पाईप लाईन बिछाने, तथा प्रत्येक वार्ड में कम से कम 3 नये बोरवेल खनन कराने की माँग प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री लखन घनघोरिया, कदीर सोनी, अमरीश मिश्रा के साथ उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी, गुड्डू नबी, पार्षद गुलाम हुसैन, पार्षद याकूब अंसारी तथा पूर्व पार्षद ताहिर अली मुख्य रूप से शामिल हुए। इनके अलावा संजय अहिरवार, आमिन कुरैशी, ओबेश अंसारी, तौफीक चिंकी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**नवभारत,जबलपुर।** बेलबाग थानांतर्गत बकरा मार्केट भानतलैया निवासी 35 वर्षीय सिद्धार्थ वैश्य ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और प्रकरण की जांच शुरू की। पुलिस ने बताया कि आत्महत्या का कारण अज्ञात है जिस बारे में पतासाजी की जा रही है।

# बिना पंजीयन एवं लाइसेंस के चल रहा था जनता पाइल्स क्लिनिक

**स्वास्थ्य विभाग ने किया सील**

**नवभारत,जबलपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने बिना वैध पंजीयन और लायसेंस के लेबर चौक स्नेहनगर में संचालित किये जा रहे जनता पाइल्स क्लिनिक को सील कर दिया है तथा विधिवत पंजीयन प्राप्त होने तक क्लिनिक को पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की नर्सिंग होम शाखा की टीम ने जनता पाइल्स क्लिनिक का शुक्रवार की शाम आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि इस क्लिनिक द्वारा मध्यप्रदेश नर्सिंग होम एक्ट के अनुरूप कोई वैध पंजीयन एवं लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया था तथा नर्सिंग होम एक्ट का गंभीर उल्लंघन किया जा रहा था।




### 7 दिनों से चल रहा था क्लिनिक

प्रारंभिक जांच में पाया गया कि यह क्लिनिक पिछले लगभग 7 दिनों से अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। संस्थान के पास प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भवन अनुज्ञा, फायर सेफ्टी सहित किसी भी विभाग की आवश्यक एनओसी उपलब्ध नहीं थी।

निरीक्षण की कार्रवाई नोडल अधिकारी नर्सिंग होम शाखा डॉ आदर्श विश्नोई के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई के दौरान जनता पाइल्स क्लिनिक को सील कर बंद कराया गया। क्लिनिक प्रबंधन को निर्देशित किया गया है की जब तक संबंधित संस्थान द्वारा विधिवत पंजीयन प्राप्त नहीं किया जाता, तब तक क्लिनिक पूर्णतः बंद रखा जाएगा। अगर अस्पताल का संचालन किया जाएगा तो विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### 40 मरीजों का हो गया अवैध जगह इलाज

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि जनता पाइल्स क्लिनिक केवल क्लिनिक के रूप में नहीं बल्कि एक अस्पताल के रूप में संचालित किया जा रहा था, जहां लगभग छह बेड लगाए गए थे तथा मरीजों का पाइल्स, भगंदर एवं फिस्टुला जैसी बीमारियों का उपचार किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान ये भी पाया गया कि क्लिनिक में करीब 40 मरीजों का उपचार किया जा चुका था तथा उनसे फीस लेकर उपचार प्रक्रियाएं भी की गई थीं। निरीक्षण दल द्वारा ओपीडी स्लिप एवं उपचार संबंधी पर्चियों को भी जब्त कर सील किया गया है।



# जनता बूंद-बूंद पानी को तरसी अधिकारी ले रहे 'मुफ्त की सैलरी'

**बिना जानकारी के चल रहा जल प्रदाय विभाग**

**मझौली नवभारत संवाददाता।** नगर परिषद् मझौली में इन दिनों पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। नगर के कई वार्डों में जल सप्लाई ठप पड़ी है, लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि नगर परिषद कार्यालय में कार्यरत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इसकी भनक तक नहीं है। विभाग की इस घोर लापरवाही और उदासीनता को लेकर स्थानीय नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### वैध-अवैध कनेक्शनों का कोई रिकॉर्ड नहीं

एक तरफ जहां नगर की जनता पानी की एक-एक बूंद के लिए परेशान हो रही है, वहीं दूसरी तरफ जल प्रदाय विभाग के पास नगर में चल रहे वैध और अवैध पानी के कनेक्शनों की कोई पुख्ता जानकारी ही नहीं है। विभाग के पास ऐसा कोई डेटा मौजूद नहीं है जिससे यह पता चल सके कि कितने घरों में वैध तरीके से पानी जा रहा है और कहां अवैध रूप से जल की चोरी हो रही है। इसी अव्यवस्था के कारण जल सप्लाई पूरी तरह ठप पड़ी हुई है।

### आरटीआई में भी नहीं दी जानकारी, उठ रहे सवाल

सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद के जल प्रदाय विभाग की इस कार्यप्रणाली को लेकर पूर्व में सूचना के अधिकार के तहत भी जानकारी मांगी गई थी। लेकिन विभाग ने जानकारी देने से साफ पल्ला झाड़ लिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि रिकॉर्ड में भारी गड़बड़ी और अपनी कमियों को छुपाने के लिए ही आरटीआई के तहत जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

### जनता ने लगाये आरोप

स्थानीय निवासियों का कहना है कि पीएचई विभाग में नियुक्त अधिकारी और कर्मचारी सिर्फ कागजों पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। जब उन्हें नगर की जल संकट की समस्याओं और कनेक्शनों की जानकारी ही नहीं है, तो वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कैसे कर रहे हैं? लोगों का सीधा आरोप है कि ये अधिकारी और कर्मचारी जनता के टैक्स के पैसे से केवल 'मुफ्त की सैलरी' तोड़ रहे हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में जल सप्लाई बंद होने से नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और अवैध कनेक्शनों पर कार्रवाई करते हुए जल सप्लाई सुचारू नहीं की, तो वे नगर परिषद कार्यालय का घेराव करने और उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

# मांगें पूरी नहीं हुईं तो सोमवार को अमखेरा में होगा चक्काजाम

**धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**



**नवभारत,जबलपुर।** अमखेरा स्थित वार्ड क्रमांक 74 (ए.पी.जे. अब्दुल कलाम वार्ड), 'श्री परिसर कॉलोनी' (फेस-1 व 2) के सैकड़ों नागरिकों ने शुक्रवार को सामूहिक रूप से थाना गोहलपुर पहुंचकर टीआई को कॉलोनाइजरों और उनके एजेंटों के खिलाफ वैधानिक शिकायती पत्र सौंपा। रहवासियों ने चिन्हित भूमाफियाओं पर धोखाधड़ी, कूटरचना और अवैध प्लॉटिंग के तहत तत्काल प्राथमिकीर्ज करने की मांग की है। प्रशासनिक उदासीनता से तंग आकर समस्त कॉलोनीवासियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आगामी सोमवार (25 मई 2026) को कॉलोनाइजर, क्षेत्रीय पार्षद और नगर निगम जबलपुर के विरोध में अमखेरा मुख्य मार्ग पर विशाल चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### क्षेत्रीय पार्षद की नाकामी का विरोध

इस दौरान कॉलोनीवासियों ने नगर निगम जबलपुर के सक्षम अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद की नाकामी पर गहरा रोष व्यक्त किया। रहवासियों का कहना है कि वर्ष 2015 से नियमित संपत्ति कर चुकाने के बावजूद कॉलोनी आज भी पक्की सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, जिससे महिलाओं की सुरक्षा और आम जनता का जीवन संकट में है। थाना गोहलपुर में ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से सुनील तिवारी, दीपक सोनी, राजाराम सेन, पवन मिश्रा, मनीष सोंधिया, भारती पूर्णाकार, आरती अग्रवाल, सीता सोंधिया, दुर्गा गुप्ता, हेमा तिवारी, राजू भाई, रानी साहू सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय मातृशक्ति, बुजुर्ग एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

**स्वच्छ पेयजल आपूर्ति करने को लेकर नगर निगम मुस्तैद**

# कई वार्डों में सुधारा गया पानी का लीकेज



**नवभारत,जबलपुर।** नागरिकों को सुचारू और निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में शुक्रवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बड़े स्तर पर अभियान चलाकर पाइप लाइन लीकेज सुधार का कार्य किया गया।

इस संबंध में अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजीव गांधी वार्ड शांति नगर अंतर्गत गली नंबर 21 में आभा मेडिकोज के पास लंबे समय से हो रहे पाइप लाइन लीकेज को नगर निगम की टीम ने पूरी तत्परता से दुरुस्त किया। व्यापारिक और व्यस्त क्षेत्र अंधेरदेव में एम.पी. स्पोर्ट शॉप के बाजू वाली गली में मुख्य पाइप लाइन का सुधार कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड संभाग क्रमांक 1 के अंतर्गत होटल सत्यरक्षा के समीप आ रही जलप्रदाय की समस्या को दूर करते हुए पाइप लाइन को ठीक किया गया।

**परेशानी** | सड़क पर बसें खड़ी कर भर रहे यात्री

# एम्पायर टॉकीज से पेंटीनाका तक लापरवाही का मंजर






**नवभारत, जबलपुर।** शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक एम्पायर टॉकीज से पेंटीनाका मार्ग पर इन दिनों बसो के सड़को पर खड़े हो जाने से यातायात बाधित हो रहा है। यहाँ हर रोज जाम की स्थिति बन जाती है। शुक्रवार को नवभारत द्वारा की गई जांच पड़ताल में सामने आया कि निजी बसें निर्धारित स्टॉप के बजाय सड़क किनारे लंबे समय तक खड़ी होकर यात्रियों को बैठा रही हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में लगातार ट्रैफिक जाम की समस्या बनी हुई है। वही स्थानीय दुकानदारों के अनुसार पेंटीनाका क्षेत्र में बसें करीब 4 से 5 मिनट तक रुकती हैं, जबकि एम्पायर टॉकीज के पास कई बसें 10 से 15 मिनट तक सड़क पर खड़ी रहती हैं। इस दौरान बस चालक यात्रियों के इंतजार में सड़क घेर लेते हैं, जिससे पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। शाम के समय यहां स्थिति और ज्यादा खराब हो जाती है।

### गड्ढे भी परेशानी की एक वजह

नवभारत द्वारा की गई पड़ताल में सामने आया कि एम्पायर टॉकीज क्षेत्र में व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर मौजूद गड्ढे भी ट्रैफिक अव्यवस्था को बढ़ा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि इसकी शिकायत दो बार कैंटोनमेंट बोर्ड में की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुधार कार्य नहीं हुआ। उनका कहना है कि गड्ढे के कारण वाहन पहले ही धीमे हो जाते हैं और ऊपर से सड़क पर खड़ी बसें हालात को और खराब कर देती हैं।

### इनका कहना है

बसो को लेकर हमारी लगातार कार्रवाई चल रही है आज भी करीबन 50 बसो पर कार्रवाई की गई है और जुर्माना लगाया गया है। हमारे द्वारा सात दिन का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमे गलत तरीके से बीच सड़क में बस खड़े करना, ओवरलोडिंग आदि सब शामिल है।

**संतोष कुमार शुक्ला, डीएसपी, यातायात**